# जानकारी के अभाव में मतदाता नहीं दे रहे गणना पत्रक

**बीएलओ ने बताई अपनी परेशानियां**

**लोगों को भ्रमों का दूर करना हो रहा मुश्किल**

**साक्षी केसरवानी**

**भोपाल, 29 नवंबर. भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा चलाया जा रहा मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में मतदाताओं में फैले भ्रम के कारण फॉर्म कलेक्शन से लेकर जानकारी खोजने तक में परेशानी हो रही है.**

जिले में आए दिन लोग मतदाता सूची में अपना नाम खोजने को लेकर परेशान हो रहे हैं. तो कुछ 2003 के समय का डाटा फॉर्म में नहीं दर्ज कर पा रहे हैं. समय समय पर स्थानांतरित होने वाले परिवार अपना पिछला रिकॉर्ड ढूंढने में साइबर कैफे से लेकर कलेक्ट्रेट के चक्कर काट रहे हैं. वहीं कई ऐसे लोग भी है जो जागरुकता न होने के कारण फॉर्म को ठीक तरीके से भरकर बीएलओ को सौंप ही नहीं रहे है. जिसके कारण बीएलओ भी परेशान हैं.

**लोगों में फैला भ्रम**

**बीएलओ 1:** लोगों को लगता है कि फॉर्म भरकर जमा करने से उनका नाम मतदाता सूची से हटा दिया जाएगा. इस वजह से वो फॉर्म वापस ही नहीं करते.

**बीएलओ 2:** 2003 की स्थिति में किसी और क्षेत्र में रह रहे लोग अपने पूर्व का मतदान केंद्र और जानकारी नहीं ढूंढ पा रहे हैं. इससे उनको मतदाता सूची से नाम कटने का भ्रम है.

**बीएलओ 3:** कम साक्षरता और जागरूकता के अभाव में फॉर्म में क्या और कहां लिखना है, इस विषय को लेकर भी लोग परेशान है. कि गलत जानकारी न भर जाए, जो बाद में समस्या दे. इस वजह से फॉर्म भर ही नहीं रहे. बता दें कि एसआईआर का उद्देश्य है कि हर पात्र मतदाता का नाम सूची में जुड़ जाए और गलत दर्ज विवरण को हटाया जा सके.

**एसआईआर प्रक्रिया का महत्व**

- मतदाता सूची की विश्वसनीयता बढ़ेगी.
- चुनाव के समय फर्जी मतदान रुकेगा.
- नागरिकों को सही बूथ पर मतदान करने में सुविधा होगी.
- राजनीतिक दलों के लिए भी यथार्थ डेटा उपलब्ध होगा.

**ध्यान देने योग्य जानकारी**

1. गणना पत्रक में जानकारी भरकर बीएलओ को सौंपने पर किसी व्यक्ति का नाम मतदाता सूची से नहीं हटाया जाएगा.
2. पुराने लोगों का स्थानांतरण के कारण दो बूथों पर दर्ज नाम को पुराने पते से हटाया जाएगा और नए पते पर पुष्टि की जाएगी. साथ ही मृत व्यक्तियों के नाम हटाया जाएगा.
3. जिन वोटरों का नाम सूची में नहीं है और नए वोटरों को जोड़ा जाएगा.
4. एसआईआर एक प्रक्रिया है, जो चुनाव में वोट डालने वाले वोटरों की सही और पारदर्शी सूची बनाने के लिए किया जा रहा है.
5. गणना पत्रक में मतदाता का नाम, EPIC नंबर, पता, बूथ विवरण, नया फोटो, जन्म तिथि, मोबाइल, आधार, पिता-माता और पति/पत्नी के नाम व EPIC नंबर भरने होते हैं, साथ ही पिछले SIR यानि 2003 को स्थिति के विवरण भी दर्ज करने हैं.
6. यदि कोई निर्वाचक का परिवार किन्हीं कारणों से बाहर गया हुआ है, तो निर्वाचक को गणना पत्रक बीएलओ द्वारा पुष्टि हो जाने पर घर में फॉर्म दरवाजे के नीचे से सरकाकर उपलब्ध कराए जाएंगे.

# मुस्लिम समाज ने की दरिंदे को फांसी की सजा की मांग

**दरिंदे का पुतला फूंककर किया प्रदर्शन**




**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 29 नवंबर. माता मंदिर चौराहे पर मुस्लिम समाज के लोगों ने एकजुट होकर 6 साल की मासूम के साथ दरिंदगी करने वाले आरोपी सलमान को फांसी देने की मांग की.**

लोगों ने दरिंदे का पुतला फूंकते हुए उसका विरोध प्रदर्शन किया. साजिद फ्रेंड्स क्लब और मुस्लिम समाज ने दरिंदे की करतूत पर उसे सीधे तौर पर फांसी दिए जाने की सरकार और प्रशासन से मांग की. मुजाहिद सिद्दीकी ने इस मौके पर कहा कि दुष्कर्म आरोपी सलमान पर शरीया कानून के अनुसार हम सभी सख्त सजा देने की मांग कर रहे हैं. हमारे देश में यह नहीं है इस लिए उसे सीधे तौर पर फांसी हो यह हम सब इच्छा रखते हैं.

# शार्ट एनकाउंटर के बाद इलाज जारी

## आरोपी को 14 दिन की न्यायायिक रिमांड पर भेजा



**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 29 नवंबर. हमीदिया अस्पतला में मासूम बच्ची के दुष्कर्म के आरोपी सलमान का इलाज जारी है.**

दरिंदगी करने वाले आरोपी सलमान को लेकर जानकारी सामने आई है कि उसने रायसेन के गौहरगंज में घिनौनी वारदात के बाद खुद को सुरक्षित रखने के इरादे से भोपाल पहुंचा था.वारदात के करीब एक सप्ताह तक वह पुलिस की पकड़ से दूर रहा. सलमान ने अपना पेट पालने के लिए इस दौरान भोपाल में की थी तीन दिन तक मजदूरी भी की. मजदूरी से मिले रूपए वह अपने खाने पीने पर खर्च कर रहा था. आरोपी को लेकर यह भी जानकारी सामने आई है कि पुलिस की जांच में सामने आया है कि वह 22 नंबर को भोपाल में आ गया था. हबीबगंज थाने के 12 नंबर स्टाफ में आरोपी की मौजूदगी मिली थी. आरोपी ने फुटपाथ पर ही सो कर रातें बिताई थी. बता दें कि बीते गुरुवार को रायसेन पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी पैदल ही गांधी नगर थाना क्षेत्र में घूम रहा है. स्थानीय लोगों ने उसे पकड़ कर राहुल नाम के एक पुलिसकर्मी को सूचना दी. राहुल ने ही आरोपी के बारे में पुलिस विभाग को सूचित किया. इसके बाद आरोपी की गिरफ्तारी हो सकी.

आरोपी को पुलिस जब रायसेन लेकर जा रही थी, तभी उसने मौका पाकर पुलिस के हथियार छीनने की कोशिश की और उसका शार्ट एकांउटर किया गया. इस एंकाउंटर के बाद आरोपी को भोपाल में इलाज के भर्ती कराया गया है. आरोपी को लेकर कोर्ट ने 14 दिन की न्यायायिक रिमांड पर भेजा है.

## हाई-टेंशन लाइन की चपेट में आए युवक की मौत

**भोपाल.** गौतम नगर थाना क्षेत्र के जेपी नगर में एक युवक के हाई-टेंशन लाइन की चपेट में आ जाने से मौत हो गई. शनिवार को यह बड़ा हादसा उस वक्त हुआ, जब मृतक फ्लेक्स बोर्ड लगाने के लिए चढ़ा था. पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. मिली जानकारी के मुताबिक क्षेत्र में बिजली विभाग कार्यालय के सामने मृतक युवक फ्लेक्स बोर्ड लगाने के लिए पहुंचा था. मृतक लोहे के फ्रेम पर फ्लेक्स लगा रहा था, तभी फ्रेम हाई-टेंशन लाइन के संपर्क में आ गया और युवक को जोरदार करंट लग गया. स्थानीय लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर युवक को अस्पताल पहुँचाया. जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई.

# 12 शहर 10°C से नीचे, इंदौर में घना कोहरा




प्रदेश के 12 शहरों—जबलपुर, ग्वालियर, धार, मंडला, शिवपुरी, रीवा, सिंगरौली, नौगांव, उमरिया, सीधी, बैतूल और दतिया में न्यूनतम तापमान 10एष्ट से नीचे पहुंच गया. वहीं भोपाल और इंदौर में सुबह घना कोहरा छाया रहा, जिससे विजिबिलिटी घटकर 1 से 1.5 किलोमीटर रह गई. कोहरे के कारण सुबह यातायात प्रभावित हुआ और लोगों को धीमी गति से वाहन चलाने पड़ रहे हैं. इधर बंगाल की खाड़ी में बना चक्रवाती तूफान 'दितवाह' लगातार सक्रिय है और 8 किमी/ घंटा की गति से उत्तर-उत्तरपश्चिम दिशा में आगे बढ़ रहा है.

**भोपाल ,29 नवम्बर. पिछले 24 घंटों के दौरान मध्यप्रदेश के सभी संभागों में मौसम मुख्यत: शुष्क रहा, लेकिन ठंड ने अचानक पलटी मारते हुए एक बार फिर अपने तेवर तीखे कर दिए हैं.**

प्रदेश के कई हिस्सों में सर्द हवाओं और गिरते तापमान ने जनजीवन को प्रभावित किया. भोपाल जिले में शीतलहर का असर स्पष्ट दिखा, वहीं इंदौर-नर्मदापुरम संभाग में न्यूनतम तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई. अधिकतम तापमान में विशेष बदलाव नहीं हुआ, लेकिन यह भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर, चंबल, रीवा, जबलपुर और सागर संभागों में सामान्य से 1.5एष्ट से 2.3°C तक कम रहा. अन्य संभागों में अधिकतम तापमान सामान्य के आसपास रहा. यूनतम तापमान की बात करें तो इंदौर और नर्मदापुरम संभागों में यह 2.5°C से 2.8°C तक गिर गया, जिससे रात में सर्दी का प्रभाव काफी बढ़ गया. भोपाल संभाग में न्यूनतम तापमान सामान्य से 3.3°C कम था, जबकि रीवा, जबलपुर, सागर और इंदौर संभागों में यह 1.6एष्ट से 2°C तक नीचे रहा. उज्जैन संभाग में तापमान सामान्य से 2एष्ट अधिक दर्ज हुआ. उधर, उत्तर भारत में एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ और एक नया मध्यम स्तर का पश्चिमी विक्षोभ भी प्रभावी हो रहा है, जिसका असर आने वाले दिनों में एमपी के मौसम पर भी देखा जा सकता है.

# एसआईआर का काम बैतूल और नीमच में भी हुआ पूरा

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 29 नवंबर. अशोक नगर के बाद अब बैतूल और नीमच जिले में भी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य यानी एसआईआर का काम 100 फीसदी पूरा हुआ है.**

इन जिलों में डिजिटाइजेशन का कार्य भी पूर्ण हो गया है. यह जानकारी शनिवार को मप्र के संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राम प्रताप सिंह जादौन ने प्रदेश के सभी जिलों के उप जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक कर मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षणकार्य की प्रगति की समीक्षा के दौरान दी. इस दौरान उन्होंने बताया कि प्रदेश के अन्य 44 जिलों में 90 प्रतिशत से अधिक कार्य पूर्ण हो गया है. जिन मतदाताओं का निवास परिवर्तन हुआ है या जिनके मतदाता परिचय-पत्र में संशोधन की आवश्यकता है, वे संबंधित बीएलओ से संपर्क कर एन्युमरेशन फॉर्म के साथ फॉर्म-8 भरकर जमा करें. मतदाता यह प्रक्रिया स्वयं भी ऑनलाइन कर सकते हैं. नये मतदाता अपना फार्म 6 भरकर भी दे सकते हैं.

## लगातार कम हो रहा सोयाबीन का मॉडल रेट

**भोपाल.** 29 नवंबर को 4240 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है. साफ है कि किसानों को अब मंडी में सोयाबीन कम दाम में बेचना पड़ रहा है. सबसे अधिक मॉडल रेट 22 नवंबर को 4285 रुपये जारी किया गया था, उसक बाद से इसमें गिरावट आने का सिलसिला लगातार जारी है. सोयाबीन का न्यूनतम समर्थन मूल्य 5328 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है. यानी किसानों को मॉडल रेट और एमएसपी के बीच की अंतर की राशि का भुगतान भावांतर योजना के तहत किया जाएगा. यह बताना भी जरुरी है कि यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है.

# वर्मा के खिलाफ जैन जी का प्रर्दशन

**आईएएस अधिकारी पर युवाओं का आक्रोश**



**विशेष संवाददाता**

**भोपाल,29 नवम्बर. राजधानी में शनिवार को आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज की एक बेटी को लेकर की गई कथित अभद्र टिप्पणी के विरोध में जेन-जी युवाओं का आक्रोश उफान पर दिखाई दिया.**

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के बाहर सैकड़ों युवाओं ने पंडित आशीष शर्मा के नेतृत्व में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया. प्रदर्शन के दौरान संतोष वर्मा के पुतले को गधे पर बैठाकर शहर में घुमाया गया, जूते-चप्पलों से पिटाई की गई और बाद में प्रतीकात्मक रूप से उसे आग के हवाले किया गया. प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे पंडित आशीष शर्मा ने कहा कि यह मामला केवल एक समाज का नहीं बल्कि 'मध्यप्रदेश की सभी बेटियों के सम्मान' से जुड़ा हुआ है. उन्होंने दोषी अधिकारी पर तत्काल एफआईआर दर्ज करने और निलंबन की मांग करते हुए कहा कि इस प्रकार की मानसिकता किसी भी वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के लिए अस्वीकार्य है.

# सांदीपनि विद्यालयों में छात्रों को किया जाएगा शिफ्ट

**नवभारत प्रतिनिधि,**

**भोपाल 29 नवंबर. प्रदेश के स्कूल शिक्षा विभाग ने सांदीपनि मॉडल विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने के लिए नए निर्देश जारी किए हैं.**

विभाग का कहना है कि जहां सांदीपनि विद्यालयों में अधिक छात्र प्रवेश ले रहे हैं और आसपास के सरकारी स्कूल खाली हो रहे हैं, वहां के स्कूल भवन और शिक्षकों का उचित उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा. सांदीपनि विद्यालयों के पास स्थित सरकारी प्राथमिक व माध्यमिक स्कूलों के बच्चों को सांदीपनि में ही प्रवेश दिलाया जाएगा. प्राथमिक स्कूलों के लिए अधिकतम 2 किलोमीटर की दूरी तक के विद्यार्थियों को सांदीपनि में जोड़ा जाएगा. जिन प्राथमिक स्कूलों में छात्र संख्या शून्य हो जाएगी, उनका शिफ्टिंग प्रस्ताव पोर्टल 3.0 पर अनिवार्य रूप से अपलोड करना होगा. खाली हो रहे स्कूलों के शिक्षकों से पूछा जाएगा कि क्या वे सांदीपनि विद्यालय में ही पढ़ाना चाहते हैं. सहमति देने वाले शिक्षकों को वहीं रखा जाएगा. जो शिक्षक वहां नहीं जाना चाहेंगे.

# तेजी से निष्पादित हो रहे ट्रैक रिन्युअल कार्य

**भोपाल,29 नवंबर . पश्चिम मध्य रेल द्वारा मल्टी-ट्रैकिंग एवं अधोसंरचना विकास के साथ- साथ अनुरक्षण गतिविधियों के अंतर्गत ट्रैक रिन्यूअल कार्य तेजी से किए जा रहे हैं.**



महाप्रबंधक के मार्गदर्शन एवं इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के समन्वित प्रयासों से ट्रैक नवीनीकरण से जुड़े सभी महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता और गति के साथ पूरा किया जा रहा है. इन कार्यों में कंप्लीट ट्रैक रिन्यूअल, थ्रू रेल रिन्यूअल, थ्रू स्लीपर रिन्यूअल, थ्रू टर्नआउट रिन्यूअल और डीप स्क्रीनिंग जैसे प्रमुख कार्य शामिल हैं. ये सभी कार्य संरक्षा से सीधे जुड़े होते हैं और इन्हें ट्रैफिक ब्लॉक लेकर उच्च दक्षता व सुरक्षा मानकों के साथ निष्पादित किया जाता है. पश्चिम मध्य रेल अपने निर्धारित लक्ष्यों की दिशा में लगातार अग्रसर है और संरक्षा से जुड़े कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है.

परिणामस्वरूप, चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के सात माह में पश्चिम मध्य रेल ने 238.82 ट्रैक किमी रेल नवीनीकरण, 153.46 ट्रैक किमी स्लीपर नवीनीकरण, 241 यूनिट टर्नआउट नवीनीकरण, 158 यूनिट्स टर्नआउट डीप स्क्रीनिंग तथा 386.63 ट्रैक किमी डीप स्क्रीनिंग कार्य सफलता पूर्वक पूरे किए हैं. इन नवीनीकरण कार्यों से ट्रैक संरचना की मजबूती बढ़ी है तथा यात्री गाड़ियों के सुरक्षित संचालन में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया है.

## शोरूम में हुई चोरी की वारदात के आरोपी धराए

**भोपाल.** अयोध्यानगर थाना पुलिस ने एक इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में हुई चोरी की वारदात के मामले में दो शातिर नकबजन को गिरफ्तार किया. पुलिस ने इसके साथ ही चोरी किए इलेक्ट्रॉनिक सामान और नगदी सहित लगभग 12 लाख रुपए का मसरूका जब्त किया. थाना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बीते 25 नवंबर को देर रात इलेक्ट्रॉनिक्स शोरूम में नकबजनी की घटना हुई थी. पकडे गए आरोपी आदतन चोर, जो पहले भी चोरी नकबजनी के प्रकरण में जेल जा चुका हैं. आरोपीगण मध्य प्रदेश के सीहोर और शिवपुरी के रहने वाले हैं.

# केंद्र सरकार पर भ्रामक दावे पेश करने का आरोप

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 29 नवम्बर. कांग्रेस प्रवक्ता विक्रम चौधरी ने शनिवार को जारी एक तीखे बयान में केंद्र सरकार पर 'अवास्तविक और भ्रामक' आर्थिक दावे पेश करने का आरोप लगाया.**



चौधरी ने कहा कि सरकार द्वारा 8.2% जीडीपी वृद्धि और महंगाई 0.25% तक गिरने का दावा ऐसा चित्र बनाता है मानो भारत 'चीन को पीछे छोड़ रहा हो और स्विट्ज़रलैंड जैसी मूल्य स्थिरता हासिल कर चुका हो', जबकि यह वास्तविक आर्थिक परिस्थितियों के विपरीत है. चौधरी ने कहा कि जब सरकार रिकॉर्ड आर्थिक वृद्धि का ढोल पीट रही है, उसी समय कॉर्पोरेट जगत के प्रमुख संकेतक बिल्कुल अलग कहानी बयान कर रहे हैं. जिस तिमाही में सरकार ने तेज़ जीडीपी वृद्धि का दावा किया, उसी दौरान एफएमसीजी दिग्गज एचयूएल की बिक्री 1% भी नहीं बढ़ी, एचडीएफसी बैंक के ऋण वितरण में केवल 4% की वृद्धि हुई और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया जैसे बड़े बैंक में भी वृद्धि लगभग नगण्य रही. उन्होंने बताया कि अक्सर सरकार के करीबी माने जाने वाले अडानी एंटरप्राइजेज के कारोबार में 6% की गिरावट दर्ज की गई. उन्होंने आरोप लगाया कि हाल में शेयर बाज़ार में दिखाई गई स्थिरता भी वास्तविक नहीं थी, बल्कि सरकार-नियंत्रित वित्तीय संस्थाओं-विशेषकर एलआईसी द्वारा बड़े पैमाने पर की गई ख़रीद का परिणाम थी. यह कदम तब उठाया गया जब भारी एफआईआई बिकवाली, निराशाजनक तिमाही नतीजों और नकारात्मक वैश्विक संकेतों के चलते बाज़ार में गहरी गिरावट की आशंका बन गई थी.

चौधरी ने यह भी कहा कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने हाल ही में भारत के आर्थिक डेटा की विश्वसनीयता को ष्ट-ग्रेड पर डाउनग्रेड किया है, जिसमें अनौपचारिक अर्थव्यवस्था की अधूरी कवरेज, पद्धतिगत खामियां और त्रैमासिक अनुमान निकालने की कमजोर प्रक्रिया जैसी गंभीर टिप्पणियां शामिल हैं. यह सरकार के विकास दावों पर गंभीर सवाल खड़े करता है. उन्होंने बढ़ते राजकोषीय घाटे, बाहरी कर्ज पर निर्भरता, ठहरे हुए निर्यात, बढ़ते व्यापार घाटे और लगातार बनी बेरोजगारी को सरकार के 'तेज आर्थिक विकास' के दावे के उलट वास्तविक आर्थिक स्थिति का प्रमाण बताया.

**कवायद** प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद नियुक्ति की गई

# कांग्रेस ने की जिला संगठन महासचिवों की नियुक्ति

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल: मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा भेजे गए प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए कई जिलों में जिला संगठन महासचिव (ऑफिस इंचार्ज) नियुक्त किए हैं।**




पार्टी ने कहा कि ये नियुक्तियाँ जिला स्तर पर संगठन को मजबूत और सक्रिय बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी बूथ स्तर से लेकर राज्य स्तर तक संगठनात्मक ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए लगातार कार्य कर रही है, ताकि कैडर नेटवर्क को सक्रिय किया जा सके और पार्टी की जड़ें और मजबूत हों।

पार्टी के अनुसार, नवीन दायित्व मिलने से संगठनात्मक कार्यों में तेजी आएगी और आने वाले दिनों में कांग्रेस के राजनीतिक ढांचे को अधिक प्रभावी, मजबूत और समन्वित बनाने में मदद मिलेगी।

निम्नलिखित व्यक्तियों को अपने-अपने जिलों के लिए जिला संगठन महासचिव (ऑफिस इंचार्ज) के रूप में नियुक्त किया गया है

| | |
|---|---|
| पुष्पराज सिंह | (उमरिया) |
| रितेश गुप्ता | (जबलपुर) |
| राधेश्याम सोमटिया | (राजगढ़) |
| पारितोष सिंह | (धार) |
| अजय राठौर | (उज्जैन सिटी) |
| राजेंद्र व्यास | (उज्जैन ग्रामीण) |
| संजय बाकलीवाल | (इंदौर शहर) |
| दौलत पटेल | (इंदौर ग्रामीण) |

कांग्रेस ने विश्वास जताया कि नई नियुक्तियां संगठन को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

## सर्वर डाउन होने से टिकट बुकिंग में हुई परेशानी

**भोपाल.** भारतीय रेलवे की टिकट बुकिंग प्रणाली आईआरसीटीसी का सर्वर कई घंटों से डाउन चल रहा है. इस कारण से शनिवार को राजधानी में ऑनलाइन टिकट बुकिंग व्यवस्था पूरी तरह से ठप रही. कई ट्रैवल एजेंट्स और यात्री वेबसाइट व ऐप दोनों पर टिकट बुक करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन उन्हें सिर्फ Service Unavailable का मैसेज दिखाई दिया. सर्वर डाउन होने का असर सिर्फ ऑनलाइन ही नहीं, बल्कि स्टेशनों पर लगे टिकट सिस्टम पर भी पड़ा. टिकट काउंटरों पर बुकिंग बंद होने से यात्रियों की लंबी कतारें और अफरा-तफरी की स्थिति बन गई है. यात्रियों ने सोशल मीडिया पर शिकायत दर्ज कराई.

# धर्मांतरण करवाने वालों पर केस दर्ज

## लव जिहाद का शिकार युवक घर वापसी को तैयार

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 29 नवंबर. जहांगीराबाद थाना पुलिस ने लव जिहाद का शिकार हुए एक युवक को धर्मांतरण करने पर मजबूर करने वाले परिवार के खिलाफ केस दर्ज किया है.**



इस्लाम छोड़कर युवक ने हिन्दू धर्म फिर से अपनाने की अपनी मंशा जाहिर की है. मंत्री विश्वास सारंग ने भी मामले की जानकारी सामने आने पर युवक को लेकर कहा है कि उसकी हिन्दू धर्म में घर वापसी रीति-रिवाज के साथ कराएंगे. फरियादी शुभम गोस्वामी की शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है. शुभम ने बताया कि साल 2022 में उसकी मुलाकात एक मुस्लिम लड़की से हुई थी. लड़की के परिजनों ने शुभम पर झूटे आरोप मढ़ कर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी. इस दौरान शुभम को जेल भी जाना पड़ा था. शुभम का आरोप है कि जेल से छूटने के बाद लड़की के परिजनों ने उसे इस्लाम अपनाने के लिए मानसिक टेंशन देना भी शुरू कर दिया था.

लव जिहाद का शिकार हुए शुभम अब घर वापसी के लिए अपनी मर्जी से तैयार है. शुभम ने बताया कि इससे पहले अभी तक उसे अमन खान के नाम से जाना जा रहा है. फरियादी का समर्थन करते हुए उसके दोस्त और करीबी रिश्तेदार उसके साथ आ गए. शुभम गोस्वामी ने आरोप लगाया है कि वह एक मुस्लिम परिवार ने उसे गौमांस खाने पर मजबूर किया गया था. शुभम को जमात में भेजकर धर्मांतरण करवाया गया था. शुभम ने जिस परिवार पर गौमांस खिलाने और धर्मांतरण पर मजबूर करने का आरोप लगाया है.